देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 8 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...सबसे बड़ा लॉकडाउन



देहरादून, मंगलवार, 31 मार्च 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 28.0° न्यूनतम 16.0° | 28420.94 | 2 अमेरिका में दो दिन में मौतें डबल | 7 आईपीएल पर अभी कोई फैसला नहीं

# देश में आगे नहीं बढ़ेगा लॉकडाउन

## कोरोना वायरस के मामले बढ़कर 834 हुए, 19 लोगों की मौत

में इस तरह की रिपोर्टों को देखकर हैरान हैः राजीव गौबा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देश में कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन के बीच इसे बढ़ाए जाने की खबरों पर कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने हैरानी जताई है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि लॉकडाउन को बढ़ाने का कोई विचार नहीं है। कोरोना वायरस के प्रसार से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने पूरे देश में 21 दिनों का लॉकडाउन लागू किया है। इसके बीच कई तरह की अफवाह सामने आ रही है कि सरकार 21 दिनों के बाद लॉकडाउन को फिर आगे बढ़ाएगी।

राजीव गौबा ने सोमवार को लॉकडाउन बढ़ाए जाने वाली रिपोर्टों को खारिज करते हुए कहा, मैं इस तरह की रिपोर्टों को देखकर हैरान हूं। लॉकडाउन को बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। भारत में कोरोना के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ऐसी रिपोर्ट आ रही थीं कि सरकार लॉकडाउन बढ़ाने पर विचार कर सकती है। हालांकि सरकार के स्पष्टीकरण के बाद लॉकडाउन पर संशय खत्म हो चुका है। भारत में कोरोना के अब तक 1,024 मरीज सामने आए हैं जबकि 27 लोगों की इस घातक बीमारी से मौत हुई है।



### केरल-महाराष्ट्र में ज्यादा मामले

वहीं, देश में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। भारत में अब तक कोरोना महामारी से 29 सलोगों की जान जा चुकी है, जकबि 1100 से ज्यादा लोग संक्रमित हैं। महाराष्ट्र और केरल में कोरोना वायरस से सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं।

**वायरस से जंग जीत चुके मरीजों से बात**

देश में कोरोना महामारी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान लॉकडाउन की वजह से लोगों को हो रही तकलीफ के लिए क्षमा मांगी। इस दौरान पीएम ने कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों का इलाज करने वाले डॉक्टरों और कोरोना वायरस से जंग जीत चुके मरीजों से भी बात की।

### पीएम मोदी ने किया था लॉकडाउन का ऐलान

देश में कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने देश में 21 दिनों के लॉकडाउन का ऐलान किया था। पीएम ने लोगों से इस बीमारी से बचने के लिए अपने घर के आगे लक्ष्मण रेखा खींचने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि सोशल डिस्टेंसिंग से ही यह बीमारी रुकेगी। केंद्र सरकार ने लॉकडाउन को सख्ती से लागू करने के लिए राज्यों को आदेश दिया है।

**क्या है लॉकडाउनः** बता दें कि लॉकडाउन एक तरह की आपदा व्यवस्था है जो किसी आपदा या महामारी के समय सरकारी तौर पर लागू की जाती है। ऐसी स्थिति में दवा और अनाज जैसी जरूरी चीजों को लेने के लिए बाहर निकलने की अनुमति होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी सरकार ने मनरेगा मजदूरों को दिए 611 करोड़ रुपये

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए 27.5 लाख मनरेगा मजदूरों के अकाउंट में 611 करोड़ से ज्यादा रुपये ट्रांसफर कर दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले ही इसका ऐलान किया था। कोरोना से निपटने के लिए जारी लॉकडाउन में सबसे ज्यादा मुश्किल दिहाड़ी मजदूरों को आ रही है। वे रोजमर्रा के चीजों के लिए जूझ रहे हैं। इससे पहले सीएम योगी ने 20 लाख से अधिक मजदूरों के खाते में 1 हजार रुपये भिजवाए। सीएम आदित्यनाथ ने लखनऊ से एक क्लिक करके सभी साढ़े 27 लाख मनरेगा मजदूरों के खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए।

### दुनिया में कोरोना के मरीज 7 लाख के पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

न्यूयॉर्क/पेरिस। दुनियाभर में महामारी बन चुके कोरोना वायरस की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या 7 लाख को पार कर गई है। वहीं किलर वायरस से मरने वाले लोगों की संख्या 34 हजार को पार कर गई है। सुपर पावर अमेरिका इस महामारी का सबसे बड़ा गढ़ बनता जा रहा है। अमेरिका में अब तक 142,735 मामले सामने आए हैं। स्पेन में एक दिन में 812 और ईरान में 117 लोगों की कोरोना से मौत हो गई है।

### ललित होटल में रहेंगे डॉक्टर, दिल्ली सरकार देगी पैसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस से लड़ने में मदद कर रहे डॉक्टर होटल ललित में रहेंगे। इसके लिए 100 कमरे लिए गए। जीबी पंत और लोक नायक हॉस्पिटल के डॉक्टर्स के रहने का खर्च दिल्ली सरकार उठाएगी।

### एम्स के कर्मचारियों ने दान की एक दिन की सैलरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। एम्स में काम करनेवाले यूनिट ऑफ एलीड हेल्थकेयर प्रफेशनल के लोगों ने अपनी एक दिन की सैलरी पीएम केयर फंड में दान की।




### कोरोना अब तक 1,071 केस, 29 की मौत

भारत में कोविड–19 के मामले बढ़े

नई दिल्ली। कोरोना वायरस का कहर दुनिया के साथ–साथ भारत में भी बढ़ता जा रहा है। देश में कुल 1,071 मामले हैं। इस बीमारी से 100 लोग ठीक हो गए हैं या उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और एक मरीज को दूसरी जगह भेजा गया है। कुल 49 विदेशी भी इस बीमारी से पीड़ित हैं। अबतक 29 ने कोरोना से गंवाई जान। विदेशों में फंसे भारतीयों को भी सरकार वापस ला रही है।

### सरकार ने जारी किए हैं हेल्पलाइन नंबर

कोरोना से जुड़ी कोई जानकारी लेने या देने के लिए हेल्पलाइन नंबर 91–11–23978046 पर फोन किया जा सकता है। इसके अलावा हर राज्य ने अपना हेल्पलाइन नंबर जारी किया हुआ है।

## पलायन पर सुनवाई, सुको ने मांगी रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

प्रवासी मजदूरों को लेकर बुधवार को फिर हो सकती है सुनवाई

नई दिल्ली। देश में लॉकडाउन के बीच सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने उन हजारों प्रवासी मजदूरों के लिए राहत की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई की, जो कोरोना वायरस को लेकर लॉकडाउन के बीच शहरों को छोड़कर अपने घर जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने वकील अलख आलोक श्रीवास्तव द्वारा दायर याचिका पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई की।

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि भारत के संघ और सभी राज्य सरकार स्थिति को कम करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को प्रस्तुत किया कि वह वकील अलख आलोक श्रीवास्तव द्वारा दायर याचिका का जवाब देते हुए एक हलफनामा दायर करना चाहते हैं। सीजेआई एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता वकील अलख आलोक श्रीवास्तव से कहा कि हम सब कुछ से निपट लेंगे, लेकिन केंद्र जो कर रहा है उससे नहीं। सीजेआई ने कहा कि पहले हम सरकार की ओर से उस हलफनामे को देखना चाहते हैं, जिसे दाखिल करना है, फिर हम इस पर बुधवार को सुनवाई कर सकते हैं।

## मस्जिद गए 80 संदिग्ध भर्ती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दिल्ली में 24 घंटे में 23 नए मरीज

नई दिल्ली। दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में 80 लोगों को भर्ती करवाया गया है। सभी कोरोना संदिग्ध बताए जा रहे हैं। अस्पताल के मुताबिक सभी लोग जमात के लिए दो अलग–अलग मस्जिदों में पहुंचे थे। इनमें सउदी अरब जैसे देशों के लोग भी शामिल हैं। पहले इन्हें आरएमएल ले जाया गया था लेकिन वहां जगह ना होने के कारण लोकनायक भेज दिया गया।

एक महीना पहले निजामुद्दीन मस्जिद में किसी कार्यक्रम का आयोजन हुआ था जिसमें शामिल 6 लोगों में कोरोना पॉजिटिव मिला है। इसके चलते 200 लोगों को क्वारंटीन किया गया है और 1000 लोगों को ट्रेस किया जा रहा है। जिन 200 लोगों को क्वारंटीन किया गया है, उनमें से 99 में कोरोना के लक्षण मिले हैं।

सोमवार सुबह तक दिल्ली में कोरोना के मामले बढ़कर 72 हो गए। यह दिल्ली में एक दिन में मरीजों का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in